# रणजीत टाइम्स
साप्ताहिक अख़बार

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे

वर्ष 13 | अंक 16 | कुल पृष्ठ : 8 | मूल्य - 2 रु.

RNI-NO.MPHIN/2015/64585

इंदौर प्रति मंगलवार , 9 सितम्बर 2025 से 15 सितम्बर 2025 तक


## रेसकोर्स रोड बना नर्मदा लाइन फूटने का 'रेड स्पॉट'

इंदौर। रेसकोर्स रोड पर नर्मदा पाइप लाइनों के बार-बार फूटने से समस्या इतनी विकट हो गई है कि यह क्षेत्र अब नगर निगम और प्रशासन के लिए गंभीर चुनौती बन चुका है। बीते छह महीनों में यहाँ दर्जनों बार पाइप लाइनें फटी हैं, जिससे न केवल राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, बल्कि आसपास के कई मोहल्लों में पानी की आपूर्ति भी बाधित हो गई है।

रेसकोर्स रोड इंदौर विकास प्राधिकरण के कार्यालय से लेकर जंजीरवाला चौराहे तक का इलाका जलजमाव की समस्या से जूझ रहा है। कई बार मरम्मत कार्य कराए गए, लेकिन स्थिति में कोई सुधार नहीं आया। कल फिर से कई जगह पाइप लाइनों में लीकेज हो गईं, जिससे सड़कों पर पानी बह निकला और राहगीरों की परेशानी और बढ़ गई। नगर निगम ने जलूद से पानी मँगाकर करोड़ों रुपए खर्च किए हैं, फिर भी अधिकारियों की लापरवाही के चलते पानी की बर्बादी हो रही है। शिकायतों के बावजूद स्थायी समाधान नहीं हो पाया है। प्राधिकरण दफ्तर के ठीक सामने मुख्य मार्ग पर पाइप लाइन फूटने के कारण सड़क पर पानी जमा हो जाता है, जिससे वाहन चालकों को दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। कई बार मरम्मत के नाम पर सड़क खोद दी जाती है, लेकिन बाद में गड्ढों को ठीक से भरा नहीं जाता। वर्तमान में भी सड़क पर जगह-जगह गड्ढे खुले पड़े हैं, जिनमें बारिश का पानी



और पाइपों से बहता पानी जमा होकर और अधिक समस्या उत्पन्न कर रहा है।

स्थानीय निवासी परेशान हैं। कई बार पानी नहीं मिलने के कारण घरों में कामकाज प्रभावित हो जाता है। बच्चों की पढ़ाई, महिलाओं का घरेलू काम और बुजुर्गों की दिनचर्या बाधित हो रही है। वहीं वाहन चालकों को लगातार जलजमाव और गड्ढों से गुजरना पड़ रहा है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है। नगर निगम की टीम बार-बार निरीक्षण कर रही है, लेकिन समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो रहा। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से आग्रह किया है कि इस बार बिना औपचारिकता के ठोस कार्रवाई की जाए और पाइप लाइनों की मरम्मत के साथ सड़क की पूरी तरह से पुनर्निर्माण का कार्य किया जाए।

## शिवम वर्मा इंदौर कलेक्टर बने आशीष सिंह उज्जैन संभागायुक्त

### इंदौर संभागायुक्त का जिम्मा अब डॉ. सुदाम खाड़े संभालेंगे



इंदौर में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल हो गया... इंदौर कलेक्टर आशीष सिंह अब पदोन्नत होकर उज्जैन संभागायुक्त बनाए गए हैं... साथ ही उनके पास सिंहस्थ मेले का अतिरिक्त प्रभार भी रहेगा... इसी तरह इंदौर संभागायुक्त दीपक सिंह अब वि.क.अ.-सह-सचिव, मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग (भोपाल) हुए, तो अब इंदौर संभाग के संभागायुक्त का जिम्मा डॉ. सुदाम पंढरीनाथ खाड़े के हाथ में होगा... मालूम हो कि श्री खाड़े के पास जनसम्पर्क आयुक्त का जिम्मा था, जो अब दीपक सक्सेना संभालेंगे..!




रणजीत टाइम्स विशेष समाचार

# गौरी-गणेश और महालक्ष्मी पूजन

## इंदौर से अमरावती, नागपुर तक गूंजा आस्था का स्वर

















इंदौर/अमरावती/नागपुर/महाराष्ट्र- भाद्रपद मास के पावन अवसर पर इस वर्ष भी गौरी-गणेश और महालक्ष्मी पूजन पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश के शहरों में यह पर्व घर-घर आस्था और परंपरा का संदेश लेकर आया।

### इंदौर में भव्य आयोजन

इंदौर के विभिन्न समाजिक मंडलों और परिवारों ने माता गौरी और महालक्ष्मी का स्वागत किया। पंडुरंग खांडागळे (नेहरू नगर, इंदौर) वर्षों से इस परंपरा को निभा रहे हैं और इस बार भी पूरे परिवार के साथ श्रद्धा और उल्लास से माता गौरी और महालक्ष्मी का स्वागत किया मुरली फावड़े (राम नगर, इंदौर) ने हर साल की तरह अपने परिवार सहित माता का आगमन कर विधिवत पूजन किया।

दीपक वाडेकर ने भी प्रतिवर्ष की परंपरा निभाते हुए अपने परिवार के साथ पूजन सम्पन्न किया।

वानखड़े परिवार ने पुश्तों से चली आ रही परंपरा को निभाते हुए पिछले 30 वर्षों से हर साल की तरह इस बार भी खुशी और नई ऊर्जा से माता का स्वागत किया।

सोनार परिवार (विनायक टाउनशिप, इंदौर) ने भी पूरे हर्षोल्लास के साथ गौरी-गणेश और महालक्ष्मी का आगमन किया और घर-परिवार में उत्सव का माहौल बना।

अमरावती में धार्मिक उल्लास

अमरावती में मराठी समाज मंडलों और परिवारों ने सजावट, पूजा और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ माता का स्वागत किया। पारंपरिक व्यंजन और सामूहिक आरती ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

नागपुर में श्रद्धा का माहौल

नागपुर शहर के विभिन्न हिस्सों में परिवारों ने फूलों से सजावट कर माता गौरी और महालक्ष्मी की प्रतिमाओं का पूजन किया। मंदिरों और मंडपों में भजन-कीर्तन और आरती के साथ उल्लास का माहौल रहा।

### धार्मिक महत्ता

गणेशजीः विघ्नहर्ता और मंगलकारी के रूप में पूजे जाते हैं।

गौरी/महालक्ष्मी माताः गृहस्थ जीवन में सौभाग्य, समृद्धि और वैभव का प्रतीक मानी जाती हैं।

पर्व का मुख्य संदेश – परिवारिक एकता और समृद्धि की कामना।

तस्वीरों में उत्सव की झलक

इंदौरः खांडागळे, फावड़े, वाडेकर, वानखड़े और सोनार परिवारों द्वारा पूजन।

अमरावतीः सामूहिक पूजन और सांस्कृतिक कार्यक्रम।

नागपुरः घर-घर भक्ति और आरती का आयोजन।

यह पर्व न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि यह इंदौर से अमरावती और नागपुर तक सांस्कृतिक एकता और परंपरा को जीवंत बनाए रखने वाला उत्सव बन चुका है।

इंदौर प्रति मंगलवार , 9 सितम्बर 2025 से 15 सितम्बर 2025 तक

# इको-फ्रेंडली तरीके से हुआ गणेश विसर्जन

















रणजीत टाइम्स परिवार द्वारा इंदौर में इको-फ्रेंडली तरीके से गणेश जी का विसर्जन किया गया। इस अवसर पर ढोल-ताशों की गूंज के साथ भव्य चल समारोह निकला। पूरे मार्ग में गणपति बप्पा पर पुष्प वर्षा की गई और वातावरण भक्तिमय भजनों से गूंज उठा।

श्रद्धालुओं ने गणेश जी के समक्ष भजनों में भाग लिया और सामूहिक आरती कर "गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ" के जयघोष के साथ बप्पा को विदाई दी। रणजीत टाइम्स परिवार ने इस वर्ष विशेष पहल करते हुए अपने-अपने Farm House पर कुंड बनाकर गणेश जी का इको-फ्रेंडली विसर्जन किया। साथ ही रणजीत टाइम्स के राजा गणेश का भी श्रद्धापूर्वक विसर्जन कर समाज को पर्यावरण संरक्षण का सशक्त संदेश दिया। साथ ही गणेश जी को 56 भोग चढ़ाए गए और इसके बाद वितरित हुए महाप्रसाद का सभी भक्तों ने आनंद लिया। इस धार्मिक आयोजन में मुख्य रूप से सभी रिपोर्टर व साथी पत्रकार उपस्थित रहे, जिन्होंने पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ इस अनूठे पर्व को सफल बनाया।

# श्री मोहनखेड़ा गुरुधाम तीर्थ दहाणु में श्री पर्युषण महापर्व की आराधना धूमधाम से संपन्न

**रणजीत टाइम्स**

मुंबई । मोहनखेड़ा महातीर्थ विकास प्रेरणादाता परोपकार सम्राट महामंगलिक शिरोमणि राष्ट्रसंत गुरूदेव आचार्यप्रवर श्रीमद्विजय ऋषभचन्द्र सूरीश्वरजी महाराजा साहेब के आज्ञानुवर्ति अंतेवासी शिष्य 7th वर्षीतप तपस्वी कार्यदक्ष मुनिराज श्री पीयूषचन्द्र विजयजी म.सा. एवं प्रवचनदक्ष मुनिराज श्री रजतचन्द्र विजयजी म.सा.की पावन निश्रा में इस तीर्थ भूमि पर प्रथम चातुर्मास के अंतर्गत पर्युषण महापर्व की आठ दिवसीय आराधना उत्साह उल्लास मय वातावरण मे ठाटबाट से सम्पन्न हुई।



प्रथम 3 दिन अष्टान्हिका ग्रंथ का श्रवण कराया गया। ग्रंथ को वोहराने का लाभ श्री रमेशजी ओटमलजी बागरा को मिला। चार दिवसीय कल्पसूत्र बालावबोध ग्रंथ श्रवण कराया गया जिसे वोहराने का लाभ रिकार्ड चढ़ावे के द्वारा भीनमाल मुंबई के श्रीमंजूबेन कान्तिलालजी पालगोता ने प्राप्त किया। पर्युषण के पांचवें दिन एकम के शुभ दिन महावीर जन्मोत्सव (जन्म वांचन ) कार्यक्रम धूमधाम से किया गया। सुबह नवकारसी चंपालालजी वाघमलजी बोहरा की ओर से दोपहर का स्वामीवात्सल्य भीनमाल निवासी संजयजी मनोहरमलजी वाणीगोता परिवार की ओर से एवं शाम का स्वामीवात्सल्य हितेश भाई मेहता खिमेल मुंबई की ओर से रखा गया था। 14 सपनों की बोलियां बढ़चढ़कर बोली गई। पालनाजी को झुलाने व लेकर जाने का लाभ सांडेराव निवासी श्रीरितेशजी अशोकजी साकरिया परिवार मुलुंड मुंबई को प्राप्त हुआ । इसी तरह और भी बहुत सारी अन्य बोलियां जो परंपरा अनुसार होती है वो सभी बोलिया यहां पर बोली गई। आगामी कार्यक्रम 12 अक्टूबर को होने वाले अति विशिष्ट श्री गौतम लब्धि महापूजन अनुष्ठान के बैनर का विमोचन श्रीमती जयाबेन जितेंद्रजी मलाड मुंबई ने किया। संवत्सरी प्रतिक्रमण में अनेकों ज्ञान के चढ़ावे हुए जिसमें सकल संघ से मिच्छामी दुक्कडम् देने का लाभ सियाणा निवासी मातु श्री कमलाबाई रिखबचंदजी सोलंकी परिवार गोरेगांव मुंबई को मिला। पंचमी को सकल संघ के साथ सभी नव उपवास अठाई तेला के तपस्वी को पारणा कराने का लाभ भीनमाल निवासी श्रीचंपालालजी वाघमलजी वोहरा हस्ते शीलाबेन पुत्र मासुक की अठाई तप निमिते मुंबई को प्राप्त हुआ। द्वार उद्घाटन का लाभ भीनमाल निवासी श्रीमंजूबेन हीराचंदजी दोशी हंस्ते विक्की भाई दोषी मुंबई को प्राप्त हुआ। आठो दिन सुबह शाम दोनों समय प्रतिक्रमण हुए। सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालुओं ने एकासना बियासना तप किया। 30 से अधिक आराधकों ने अट्ठाई व अट्ठमतप किया। इस अवसर पर बोर्डी गांव के जैन छात्रावास के बच्चों ने देव गुरु अंग रचना की एवं बैंड-बाजे पर सुंदर प्रस्तुति दी। पूरी राड पट्टी में यह चातुर्मास यशस्वी शासन प्रभावक एवं भव्यतम रहा। इसमें मध्य प्रदेश राजस्थान गुजरात महाराष्ट्र के श्रद्धालुओं ने भाग लिया। यहां पर करीब 45 AC रूम यात्रियों की सुविधा के लिए है. उसी अनुसार सारे आयोजन भव्यतम किए गए। विशाल वाटर पूर्फ पांडाल में प्रवचन सभा एवं तपस्वी की व्यवस्था की गई। इस तरह भीतर बसो भगवान चातुर्मास 2025 धुम धाम से चल रहा है।

**आगामी कार्यक्रम**

18 सितंबर को श्री पीयूषचन्द्र विजयजी के 71 दिवसीय मौन साधना समापन समारोह एवं 12 अक्टूबर को श्री गौतम लब्धि महापूजन भव्यतम अनुष्ठान होगा। दीपक एकासना सोनाग्रुप धुम्बडीया मुंबई की ओर से एवं गौतम स्वामी का खीर एकासना जोमतराजजी भंसाली परिवार बागोडा मुंबई की ओर से होगा।

## जावरा फोटोग्राफिक एसोसिएशन की कार्यकारिणी के चुनाव सम्पन्न, धर्मेन्द्र गोठड़ीवाल अध्यक्ष मनोनीत



**"किसी भी संस्था में निर्वाचित व्यक्ति की अपेक्षा चयनित व्यक्ति ज्यादा बेहतर कार्य करके दिखा सकता है।" — राजकुमार हरण**

**रणजीत टाइम्स**

जावरा । जावरा फोटोग्राफिक एसोसिएशन की बैठक बहादुरपुर चौराहा स्थित जावरा होटल चोखा चूल्हा पर सम्पन्न हुई। बैठक का आयोजन संस्था के पूर्वाध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार श्री राजकुमार हरण, पूर्वाध्यक्ष श्री विजय कदम, श्री दिनेश जायसवाल एवं श्री विजय राठौड़ के आतिथ्य में हुआ। बैठक में सर्वसम्मति से धर्मेन्द्र गोठड़ीवाल को अध्यक्ष मनोनीत किया गया। साथ ही 7 सदस्यीय संचालक मंडल का गठन किया गया, जिसमें , संजय बरानिया,निलेश जैन, विशाल काठेड़, सुनील ओरा, अब्दुल बारी खान एवं रवि चौहान को शामिल किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए अतिथि एवं पूर्व अध्यक्ष राजकुमार हरण ने कहा कि "किसी भी संस्था में निर्वाचित की तुलना में चयनित व्यक्ति अधिक निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करके दिखाता है।" उन्होंने सभी फोटोग्राफरों को मिलकर काम करने की सीख दी, जिससे संस्था के साथ स्वयं का भी विकास हो। इसी प्रकार पूर्व अध्यक्ष विजय कदम ने पुराने मतभेदों को भूलकर संस्था में एकजुट रहकर कार्य करने का संदेश दिया।

संस्था के सदस्यों ने समस्त अतिथियों का पुष्पहार से सम्मान किया। संगठन के सभी सदस्यों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी और आशा व्यक्त की कि आगामी दो वर्षों में नई कार्यकारिणी जावरा फोटोग्राफिक एसोसिएशन का नाम नई ऊँचाइयों पर ले जाएगी। बैठक में अनिल कायस्थ, राहुल नागर, कार्तिक दायम, मुकेश मेवाड़ा, गोविंद सोनगरा, राकेश माली, कुशालसिंह दरबार, अनवर खान, असगर खान, मनीष बरानिया, हुसाम विलायती, शंकर गहलोत, मनोहर मेहता, इमरान खान, अर्जुन दयम, नीलेश दुबे, लखन धनोतिया, दिलीप धनोतिया, कान्हा ट्रेलर, बबलू भाई, जितेन्द्र बैरागी, राकेश राठौड़, सदाकत भाई, महेश शर्मा, नरेंद्र राव, महेश बोरासी, कमलेश, आकाश परमार, कदम, इमरान भाई, अमजद खान अशुल जैन सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे। आभार दिनेश जायसवाल बड़ावदा ने माना

## प्रथम स्थान पर एलएलबी डिग्री प्राप्त होने पर गुनगुन कोचर का इंदौर में हुआ सम्मान

**रणजीत टाइम्स**

इंदौर । महिदपुर रोड कुमारी गुनगुन कोचर सुपुत्री जितेंद्र अलका कोचर ने गत दिवस इंदौर के इंस्टीट्यूट आफ लॉ कॉलेज से एलएलबी की डिग्री प्रथम स्थान में प्राप्त की किस उत्कृष्ट उपलब्धि पर मुख्य अतिथि श्री अर्जुन मेघवाल, श्री कैलाश विजयवर्गी ,श्री गौरव भाटिया, द्वारा इंदौर के लॉ कॉलेज में मोमेंटो शील्ड प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया ।



एवं नगर में ग्राम पंचायत सरपंच रितु सत्यनारायण पाटीदार द्वारा भी सम्मानित कर बहुमान किया गया इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर विधायक दिनेश जैन बौस, नगर के सभी गणमान्य नागरिक, समाज जनों इष्ट मित्रों परिवार जनों द्वारा मंगलमय बधाइयां देकर कुमारी गुनगुन कोचर के उज्जवल भविष्य की मंगल कामना की गई उक्त जानकारी जैन समाज के मीडिया प्रभारी सचिन भंडारी ने दी।

# गोकुल नगर के राजा गणपति का हुआ भव्य विसर्जन



इंदौर, कनाड़िया रोड। हर वर्ष की परंपरा को निभाते हुए, इस वर्ष भी गोकुल नगर मित्र मंडल द्वारा गोकुल नगर के राजा गणपति का भव्य विसर्जन बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ किया गया। भव्य शोभायात्रा में बैंड-बाजों की मधुर धुन पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। बच्चों ने उत्साह और उल्लास से भाग लिया, वहीं बच्चों और बड़ों ने पारंपरिक वेशभूषा पहनकर गणपति बप्पा पर पुष्पवर्षा की।

विसर्जन के दौरान गगनभेदी जयकारे गूंजे –



**"गणपति बप्पा मोरया… अगले बरस तू जल्दी आ"**

**गणेश जी को 56 भोग अर्पित किए गए और सभी श्रद्धालुओं ने बप्पा के दर्शन कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। आयोजक गोकुल नगर मित्र मंडल ने सभी कॉलोनीवासियों और उपस्थित भक्तों का हृदय से आभार व्यक्त किया और संकल्प लिया कि अगले वर्ष फिर से गोकुल नगर में गणपति बप्पा का भव्य आगमन और विसर्जन किया जाएगा।**

# इंदौर्स गॉट टैलेंट सीजन 2 TI मॉल में




इंदौर,: पहले सीजन की सफलता के बाद इंदौर्स गॉट टैलेंट फिर लौट रहा है। यह मेगा टैलेंट शो 13-14 सितम्बर 2025 को ट्रेजर आइलैंड मॉल, इंदौर में आयोजित होगा। व्हीज़ी विंग्स द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में गायन, नृत्य, कविता, कला, योग, फैशन, कॉमेडी और अन्य प्रतिभाओं को मंच मिलेगा। विजेताओं को रोमांचक पुरस्कार और भविष्य के अवसर प्रदान किए जाएंगे। व्हीज़ी विंग्स के संस्थापक श्रेया अनासाने और डॉ. अंशुल जैन – ने कहा, "यह केवल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि इंदौर की प्रतिभा और रचनात्मकता का उत्सव है।" पंजीकरण शुरू हो चुके हैं, सीटें सीमित हैं। रजिस्ट्रेशन के लिए 8305525356 पर संपर्क कर सकते है।

# खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री ने लिया समाचार पत्रों की खबरों पर संज्ञान

## कलेक्टर शिवपुरी ने भोपाल से आये जांच हेतु पत्र पर किया पांच सदस्य का दल गठित कलेक्टर शिवपुरी ने दिया भोपाल से आये पत्र पर जांच दल को सात दिवस मे जांच कर प्रतिबेदन सौपने का किया उल्लेख

**दैनिक रणजीत टाइम्स**

**जगदीश पाल**

शिवपुरी। माननीय मुख्यमंत्री जी के नाम से संचालित मुख्यमंत्री युबा अन्नदूत योजना मे ओबरलोडिंग सहित अन्य अनियमित्ताओ और नियम बिरुद्ध संचालन को लेकर शिवपुरी मेल द्वारा प्रमुखता से प्रकाशन किया गया जिस पर खाद्य एबं नागरिक आपूर्ती मंत्री ने संज्ञान लेकर कलेक्टर शिवपुरी को किया जांच हेतु पत्र जारी भोपाल से आये पत्र के अनुक्रम मे कलेक्टर शिवपुरी द्वारा पांच सदस्यीय दल गठित कर सम्पूर्ण मामले की जांच हेतु दिनांक 04-09-2025 को एक पत्र जारी किया है जिसमे सात दिवस मे जांच कर सम्पूर्ण मामले मे प्रतिबेदन सौपने का उल्लेख किया गया है अब देखना होगा की जांच दल मे सम्मिलित अधिकारी कर्मचारियों द्वारा कलेक्टर शिवपुरी द्वारा दिये गये जांच हेतु सात दिवस के समय मे निष्पक्ष जांच कर प्रतिबेदन प्रस्तुत कर पाते है या फिर युही मामले को रफादफा कर भ्रस्टाचारियों को हमेशा की तरह संरक्षण दिया जाता है।

अगर नियमानुसार बात की जाए तो जिस समय की शिकायत की गयी है उसी समय से लेकर आज दिनांक तक के समस्त दस्ताबेजो की प्राथमिकता से निष्पक्ष जांच की जाए जिससे की जमीनी हकीकत स्पष्ट हो सके क्युकी पूर्व मे जारी जिला स्तर के अधिकारी द्वारा जारी पत्रों मे स्वयं ही यह स्वीकार कर चुके है की अन्नदूत योजना मे काफी भ्रस्टाचार हो रहा है अब अगर ऐसे मे भोपाल स्तर से आई जांच मे भी कारवाही नही की जाती तो फिर यह कहना गलत नहीं होगा की जांच दल द्वारा दोषियों को अभ्यदान दे दिया गया है खेर जांच दल द्वारा जांच कर क्या प्रतिबेदन कलेक्टर शिवपुरी को सौंपा जाता है यह अभी समय के गर्त मे है लेकिन जैसा की सुनने मे आ रहा है की भोपाल से आए पत्र को कलेक्टर शिवपुरी और जांच अधिकारी गंभीरता से लेकर कारवाही करने का मूड बना चुके है।





महानार्यमन सिंधिया ने एमपीसीए के नए अध्यक्ष के रूप में पदभार ग्रहण किया । साथ में केंद्रीय मंत्री एमपीसीए के पूर्व अध्यक्ष श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया एवं एमपीसीए के सभी सदस्य मौजूद रहे।

# आत्मनिरीक्षण द्वारा मनुष्यत्व से देवत्व की ओर उत्थान का योग है सहजयोग



सहजयोग संस्थापिका परम पूज्य श्री माताजी ने सहजयोग के संबंध में अपनी पुस्तक 'सहजयोग' में वर्णित किया है कि, "सर्वप्रथम जिज्ञासु होकर, वैज्ञानिक दृष्टिकोण से व्यक्ति को इस विषय तक पहुंचना चाहिए। परिकल्पना के समान, सम्मान पूर्वक इस विषय का विवेचन होना चाहिए और परीक्षण करने पर यदि सत्य पाया जाये तो निष्कपटता पूर्वक सचरित्र लोगों द्वारा यह स्वीकार किया जाना चाहिए, क्योंकि यह विषय व्यक्ति के पूर्ण हित के लिए तथा पूरे विश्व के हित लिए है।" सहजयोग ध्यान धारणा द्वारा जब हम आत्मा 'से एकाकार हो जाते हैं तो हमारे क्रिया कलापों को, विचारों को बुद्धि का नहीं वरन् आत्मा का मार्ग दर्शन प्राप्त होता है। हमारी आदतें विचार, उद्देश्य, आवश्यकताएँ परिवर्तित होने लगती है और हम प्रत्येक कार्य में आनन्द का अनुभव करने लगते हैं। सहजयोगी आनंद, प्रेम, करुणा, संगीत, नृत्य व हास्य से भरा हुआ होता है। अतः सहजयोग सामूहिकता द्वारा विकीर्णित चैतन्य लहरियां अविश्वसनीय होती हैं जिन्हें अनेकों बार श्री माताजी के कार्यक्रम में कैमरे ने कैद किया है। जब हम आत्मा के सत्य को समझ लेते हैं तो अनेक प्रकार के डर व भय समाप्त हो जाते हैं। भगवान श्री कृष्ण ने भी आत्मा के सत्य के विषय में कहा है - 'नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि, नैनं दहति पावकः न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः ॥ ( इस आत्मा को शस्त्र नहीं काट सकते, इसको आग नहीं जला सकती, इसको जल नहीं गला सकता और वायु नहीं सुखा सकती | ( भगवद्गीता, अध्याय 2 श्लोक 231) कुण्डलिनी शक्ति जब सहस्त्रार की ओर बढ़ती है तो हमारे भीतर अन्तर्शुद्धि की प्रक्रिया प्रारम्भ हो जाती है हमारे चक्रों नाड़ियों में जो भी दोष होते हैं उनका निवारण प्रारम्भ हो जाता है जिससे अनेक बीमारियाँ स्वतः ही ठीक होने लगती हैं। परंतु सहजयोग केवल समस्याओं के समाधान का विकल्प नहीं बल्कि सत्य की खोज का मार्ग है। सहजयोग आत्मज्ञान को प्राप्त कर आत्मनिरीक्षण द्वारा मनुष्यत्व से देवत्व की ओर उत्थान का योग है। ये नज़दीकी सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी टोल फ्री नंबर 1800 2700 800 से प्राप्त कर सकते हैं।

# मनुष्य का अज्ञान ही दुःखों का कारण है, निवारण है आत्मसाक्षात्कार प्राप्ति

हमारा सामान्य गृहस्थ जीवन यापन करते समय हम देखते है कि सारा संसार त्रिगुणों से आवृत्त है। ये तीन गुण सत्व, रज और तम हैं। पंच महाभूतों से बने हुए हमारे शरीर में ये तीन गुण अपना खेल खेलते रहते हैं। जब हमें प्रसन्नता और आनंद होता है तब हम सभी के अंदर के अच्छे गुणों की ओर आकृष्ट होते हैं, हमें लगता है कि हम भी जीवन में कुछ अच्छा बनें, हमारे साथ-साथ अपने समाज का भी कल्याण करें। हमारे जीवन की जो भी समस्याएं हैं,



उन सारी समस्याओं से छुटकारा पाने की पूरी शक्ति हमारे अंदर से आती है। अगर ऐसा- व्यक्तित्व आपके अंदर है तो समझ जाइये आप सतोगुण से आवृत्त हैं। इसके सिवा जो रजोगुणी व्यक्तित्व होते हैं वे अति महत्वाकांक्षी होते हैं, और दूसरों को नीचा दिखाना, किसी से बुरी तरह बात करना, ये सभी रजोगुणी व्यक्तित्व के लक्षण हैं। तमोगुणी व्यक्ति सदैव भूतकाल की बातों के बारे में सोचता- है, कोई भी व्यक्ति जो उदासीन है, उसे तमोगुणी कहा जायेगा।

प. पू. श्री माताजी प्रणित सहजयोग ऐसी ध्यान प्रक्रिया है, जिसके माध्यम से आप जान जाते हैं कि आप कौन से गुणों से आवृत्त हैं। सहजयोग में जब साधक को आत्मसाक्षात्कार प्राप्त होता है तो तमो गुणी साधक जो इड़ा नाड़ी प्रधान है वो अपनी इड़ा नाड़ी को नियमित ध्यान और पंच भौतिक उपचार जैसे कि अग्नितत्व का उपचार कर स्वयं को मध्य अर्थात सतोगुण की द्योतक सुषुम्णा नाड़ी पर स्थित कर सकता है, वैसे ही रजोगुणी व्यक्ति भी जान जाता है कि मेरी सूर्य नाड़ी को जल पैर प्रक्रिया और (आईस पैक) जैसे नैसर्गिक उपचार कर संतुलित कैसे किया जाय। हम सभी जीवन में बहुत दुःख का सामना कर रहे हैं , इसका कारण है अज्ञान, हमारे आत्मस्वरूप का अज्ञान । हम यह अज्ञान अपने बलबूते पर दूर नहीं कर सकते। अगर हमें हमारे आत्मस्वरूप का अज्ञान दूर करना है तो हमें ऐसे सदगुरु की शरण लेनी पड़ेगी, जिन्होंने ये आत्मसाक्षाकार की अनुभूति स्वयं सामान्य जनमानस को प्रदान की है, समर्थ रामदास स्वामी कहते हैं कि, "दानशूर" यह विशेषण केवल आत्मसाक्षात्कारी संतो की ही दिया जाना चाहिये। क्यूंकि केवल सच्चा सतगुरु ही आपके जीवन का अज्ञान - अंधकार मिटा सकता है | बड़ी विनम्रता से हम हमारे वाचकों से यह निवेदन करना चाहते हैं कि,आपके जीवन का अंधकार मिटाने वाले इस आत्मसाक्षात्कार से आप भी आशीर्वादित हो सकते हैं। सहज योग पूर्णतया निशुल्क है। आत्मसाक्षात्कार को प्राप्त करने हेतु अपने नज़दीकी सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी टोल फ्री नंबर 1800 2700 800 से प्राप्त कर सकते हैं।



इंदौर के एमवाय अस्पताल में चूहों द्वारा कुतरे जाने से हुई नवजात शिशु की मौत के बाद जब परिजनों ने घर पर शव से कपड़े हटाए तब यह वीभत्स दृश्य दिखाई दिया। सड़े हुए सिस्टम के "चूहों" ने केवल इस नवजात की चार उंगलियां ही नहीं खाईं, वो सरकार की संवेदनशीलता को भी खा कर खत्म कर चुके हैं।



# 2025 का पहला पूर्ण चंद्र ग्रहण
## 7 सितंबर की रात का अद्भुत नज़ारा

इंदौर। इस साल का बहुप्रतीक्षित पूर्ण चंद्र ग्रहण 7 सितंबर 2025, रविवार को होगा। खगोलविदों के अनुसार ग्रहण का आरंभ रात 09:58 बजे होगा और यह 01:26 बजे तक चलेगा। कुल मिलाकर यह खगोलीय घटना लगभग 3 घंटे 28 मिनट तक दिखाई देगी।

### ग्रहण और सूतक काल

चंद्र ग्रहण की शुरुआतः रात 09:58 बजे

ग्रहण का मध्य चरणः रात 11:42 बजे

ग्रहण की समाप्तिः 01:26 बजे (8 सितंबर की रात)

सूतक कालः ग्रहण से 9 घंटे पूर्व यानी दोपहर 12:57 बजे से ही शुरू हो जाएगा।

### कहां दिखाई देगा?

यह पूर्ण चंद्र ग्रहण भारत सहित एशिया, यूरोप, ऑस्ट्रेलिया और अफ्रीका के कई हिस्सों से दिखाई देगा। भारत में यह पूरी तरह से देखा जा सकेगा।

### धार्मिक मान्यताएं

हिंदू धर्मग्रंथों के अनुसार चंद्र ग्रहण के समय धार्मिक और आध्यात्मिक गतिविधियों पर विशेष ध्यान दिया जाता है। इस दौरान

मंदिरों के द्वार बंद रहते हैं।

पूजा-पाठ और शुभ कार्य वर्जित माने जाते हैं।

ग्रहण समाप्ति के बाद स्नान करके शुद्धिकरण करना और दान-पुण्य करना अत्यंत लाभकारी माना गया है।

### वैज्ञानिक दृष्टिकोण

**वैज्ञानिकों का मानना है कि पूर्ण चंद्र ग्रहण के समय चंद्रमा पृथ्वी की छाया में पूरी तरह आ जाता है, जिसके कारण चंद्रमा का रंग लालिमा लिए हुए दिखाई देता है। इसे 'ब्लड मून' भी कहा जाता है। खगोल विज्ञान प्रेमियों और आमजन के लिए यह रात बेहद खास होने वाली है। लोग इसे दूरबीन और नंगी आंखों से देख सकते हैं।**

# मौत के गड्ढे
## फोर लाइन का वादा भी अधूरा...



देपालपुर। देपालपुर से गौतमपुरा मार्ग आजकल यात्रियों के लिए किसी जाल से कम नहीं है। सड़क पर जगह-जगह पड़े गहरे गड्ढे दोपहिया वाहन चालकों की जान पर बन आए हैं। हालात इतने भयावह हैं कि रोज हादसे का खतरा मंडराता रहता है। शनिवार देर रात चंबल स्टेशन निवासी राहुल केलवा भी इसी लापरवाही का शिकार हो गए। घायल राहुल का इलाज गौतमपुरा के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। स्थानीय लोग कह रहे हैं कि एमपीआरडीसी की लापरवाही के कारण दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है।

### रोज गुजरते हैं अधिकारी, लेकिन आंखें बंद

विडंबना यह है कि नायब तहसीलदार गौतमपुरा कुलदीप सिंह सहित कई शासकीय अधिकारी और कर्मचारी प्रतिदिन इसी रास्ते से गुजरते हैं, लेकिन सड़क पर मौत बनकर बिछे गड्ढे किसी को दिखाई नहीं देते। प्रशासन की यह चुप्पी लोगों के गुस्से को और भड़का रही है।

### फोर लाइन की घोषणा अधूरी

गौरतलब है कि देपालपुर से लेकर इंगोरिया तक फोर लाइन बनाने की मांग वर्षों से अधूरी है। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गौतमपुरा में कॉलेज और देपालपुर से इंगोरिया तक फोर लाइन की सौगात देने की घोषणा की थी। लेकिन वादा तो दूर, आज स्थिति यह है कि सड़क की साधारण मरम्मत तक ठीक से नहीं हो पा रही। लोगों का कहना है कि जब घोषणा किए गए फोर लाइन का काम शुरू नहीं हो पाया, तो कम से कम वर्तमान सड़क को ही सुरक्षित बनाने पर ध्यान दिया जाए।

### एसडीएम का आश्वासन

इस संबंध में एसडीएम देपालपुर राकेश मोहन त्रिपाठी ने कहा— "एमपीआरडीसी इंदौर के संभागीय प्रबंधक को अवगत भी करवाया जाएगा और हम पत्राचार भी करेंगे।"

### सवाल – आखिर कब जागेगा प्रशासन?

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि अब हालात इस कदर बिगड़ चुके हैं कि किसी भी दिन बड़ा हादसा हो सकता है। सवाल यह है कि जब रोज अधिकारी इसी सड़क से गुजरते हैं, तब भी समस्या क्यों अनदेखी की जा रही है? लोगों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि सड़क की तुरंत मरम्मत की जाए और वर्षों से अधूरी पड़ी फोर लाइन की योजना को भी प्राथमिकता से अमल में लाया जाए।

# ऑपरेशन सायबर के तहत पीड़ित से फ्रॉड हुई संपूर्ण राशी वापस लौटाई

**संक्षिप्त विवरण:-**

श्रीमान पुलिस अधीक्षक श्री पुनीत गेहलोद जिला देवास द्वारा चलाये जा रहे ऑपरेशन सायबर के तहत कार्यवाही करते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय (ग्रामीण) श्री एच.एस. बाथम एवं अनुविभागीय पुलिस अधिकारी बागली सुश्री सृष्टी भार्गव के निर्देशन मे थाना प्रभारी हाटपीपल्या निरीक्षक दीपक सिंह यादव द्वारा हाटपीपल्या क्षेत्र के फरियादी हरिओम पिता सागरमल पाटीदार निवासी हाटपीपल्या के साथ दिनांक 14.08.25 से 16.08.25 के मध्य कुल 9,30,921 रूपये का ऑनलाईन फ्रॉड हुआ था फरियादी हरिओम पिता सागरमल निवासी हाटपीपल्या की रिपोर्ट पर से अपराध क्रमांक 478/2025 धारा 318(4) बीएनएस का अज्ञात आरोपी के विरुद्ध पंजीबद्ध किया गया। तकनीकी साक्ष्यो एवं सायबर सेल की मदद से थाना हाटपीपल्या द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए फ्रॉड हुई राशी का पता करते देवास के बैंक ऑफ बड़ौदा के खाते मे जाना पाया गया था जिस पर से बैंक से जानकारी प्राप्त की जाकर खाताधारक आरोपी निखिल पिता विजय प्रताप सिंह निवासी लक्ष्मण नगर देवास से पुछताछ करते अपना खाता राजस्थान के लोगो को किराये पर देना बताया था जिस पर से त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपीगण 1.राजेन्द्र स्वामी पिता रामलाल स्वामी उम्र 21 साल निवासी बीकानेर हाल नंदगांव एवेन्यु जयपुर 2. विवेक कश्यप पिता अजय कुमार निवासी जयपुर 3.रितेश स्वामी पिता रामलाल स्वामी उम्र 25 साल निवासी बीकानेर हाल नंदगांव एवेन्यु जयपुर 4. निखिल पिता विजय प्रताप सिंह निवासी लक्ष्मण नगर देवास को हिरासत में लेकर आरोपीगणो से 8,56,600 रुपये नगद एवं 16 एटीएम , 12 सिम , 05 पासबुक , एवं 05 मोबाईल जप्त किये गये है ।



**सराहनीय कार्य:-**

1..निरीक्षक दीपक यादव थाना प्रभारी हाटपीपल्या 2.उनि चिन्तामण चौहान 3. उनि. लोकेश कुशवाह 4.प्र आर शिव प्रताप ( सायबर सेल) , 5. प्र आर सचिन (सायबर सेल ) 6.आर.245 दीपक कुशवाह 7. आर.112 विकास राजावत 8.आर.568 रोहित दसोरिया 9. आर.84 निलेश परिहार

# बैंक ऑफ़ इंडिया ने 120 साल पूरे किए



बैंक ऑफ़ इंडिया शाखा है पिपलिया द्वारा 120 साल पूरा करने पर आज स्थानीय शाखा में फाउंडेशन डे स्थापना दिवस मना या गया इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के तौर पर छगनलाल मिस्त्री खजुरिया बीना किसान प्रसिद्ध व्यवसाय मूलचंद पांचाल जन्म परिषद हाटपिपलिया चैप्टर के अध्यक्ष संजय प्रेम जोशी पेंशनर करण सिंह ठाकुर बालकृष्ण मोदी एवं बैंक के पूर्व स्टाफ नारायण सिंह राजावत व्यापारी अजय बडगूजर अनिल तंवर योगेंद्र सिंह सेंधव विशेष अतिथि के तौर पर उपस्थित थे कार्यक्रम का संचालन दिलीप सिंह डोडिया द्वारा किया गया इस अवसर पर छगनलाल मिस्त्री जी ने कहा है की बैंक ऑफ़ इंडिया किसानों के हित में कार्य करता है किसानों को किसी प्रकार की तकलीफ नहीं होने देता है प्रसिद्ध व्यवसाय मूलचंद पांचाल ने कहा कि अगर आपके कागज सही है तो बैंक से किसी प्रकार का लोन लिया जा सकता है यह व्यापारियों का विशेष रूप से ध्यान रखते हैं जनपरिषद अध्यक्ष संजय प्रेम जोशी ने कहा बैंक का स्लोगन की बैंक की कार्य क्षमता दर्शाता है बैंक का स्लोगन है रिश्तो की जमा पूंजी बैंक में किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जाता बैंक ऑफ़ इंडिया हाटपिपलिया की लीड बैंक है इस अवसर पर पेंशनर करण सिंह ठाकुर बालकृष्ण मोदी हुकुम सिंह चौहान आदि ने भी अपने विचार रखें अंत में बैंक के प्रबंधक कुणाल प्रताप सिंह रघुवंशी ने अपने सभी ग्राहकों को कहा कि काफी पुराना बैंक है हमारा आप बैंक में किसी भी प्रकार की कोई परेशानी नहीं होगी मेरा पूरा स्टाफ आपकी सेवा के लिए तात्पर्य है इस कार्यक्रम में बैंक के सभी अधिकारी श्री वरुण सर सुरेश सर रितेश सर मुकुल सर साधना मैडम पीरु लाल जी मालवीय धर्मेंद्र शर्मा तूफान सिंह आदि भी उपस्थित थे अंत में आभार दिग्विजय सिंह तोमर द्वारा माना कार्यक्रम के अंत में समझ में पधारे सभी सम्माननीय अतिथि एवं किसानों को जलपान कराया गया।

दैनिक रणजीत टाइम्स

जिला एवं तहसील स्तर पर

एजेंसी देना है

अपना बायोडाटा सम्पूर्ण विवरण के साथ हमें प्रेषित करें

सम्पर्क करें

8224951278 :: 9827068888

# हर्ष बने अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन इंदौर के जिला उपाध्यक्ष

**रंजीत टाइम्स**

इंदौर। अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष उमेश यादव के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष अशोक सिंह ने जिला उपाध्यक्ष के रूप में हर्ष सावले उर्फ हेमू को नियुक्त किया गया है। प्रदेश अध्यक्ष ने जिला अध्यक्ष को कार्यकारणी गठन के निर्देश दिए हं। अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा संगठन के जिला अध्यक्ष राजेश विश्वकर्मा ने जिला उपाध्यक्ष के रूप में को नियुक्त किया। जिले के कार्यकारणी गठन करने एवं अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा संगठन के जिले में कार्यो को गति प्रदान करने एवं मानव अधिकार की रक्षा करने के लिए कार्य करने प्रेरित किया है।



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक गोपाल गावंडे द्वारा पंकज प्रिंटर्स एण्ड पैकेजिंग एल.यू.एन 22 सेक्टर एफ सांवेर रोड़, इण्डस्ट्रीयल एरिया इंदौर म.प्र. एवं जी -1 कॉस्मिक रीजेंसी 117 गोकुल नगर कनाडिया इंदौर म.प्र. से प्रकाशित
संपादक गोपाल गावंडे (पी.आर.बी.) एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार (सभी विवादो का न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा )